## एक नजर में

### मोर का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**मंदसौर/नाहरगढ।** डीएफओ संजय रायखेरे द्वारा बताया गया कि पुलिस थाना नाहरगढ़ से प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम बेटीखेड़ी, तहसील सीतामऊ में त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना अनुसार दो व्यक्तियों को राष्ट्रीय पक्षी मोर का अवैध शिकार करते हुए ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया था। वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपियों के कब्जे से एक मृत मोर एवं शिकार में प्रयुक्त एक नग गिलोल जप्त की गई। प्रकरण में आरोपी करण पिता कैलाश बांछड़ा, उम्र 18 वर्ष एवं प्रकाश पिता मनोहर बांछड़ा, उम्र 39 वर्ष, निवासी छोटी बेटीखेड़ी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी प्रकाश पिता मनोहर बांछड़ा को जिला जेल तथा आरोपी करण पिता कैलाश बांचड़ा को बाल सुधार गृह, रतलाम में दिनांक 13 जून 2026 तक निरुद्ध किए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। प्रकरण में विवेचना एवं अन्य विधिक कार्यवाही जारी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय मोर वैज्ञानिक नाम Pavo cristatus भारत का राष्ट्रीय पक्षी है तथा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-द्ब (भाग-क्ष) के अंतर्गत सूचीबद्ध होकर संरक्षित प्रजाति है। इस संरक्षित वन्यजीव के अवैध शिकार अथवा उससे संबंधित अपराधों पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 3 से 7 वर्ष तक के कारावास एवं न्यूनतम 25 हजार के अर्थदंड का प्रावधान है।

### जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन 4 जून को सीतामऊ में

**मंदसौर।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि म.प्र. शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार 4 जून 2026 को प्रात: 10:30 बजे से शासकीय आईटीआई सीतामऊ जिला मंदसौर में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। इस युवा संगम मेले के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजकों द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। साथ ही, जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। रोजगार मेले के दौरान युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु व्यवसाय प्रारंभ करने की लोन प्रक्रिया एवं संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस मेले में उपस्थित होकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

### मंदसौर में भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ती/अभिमत 8 जून तक प्रस्तुत करें

**मंदसौर।** मंदसौर नगर तहसीलदार द्वारा बताया गया कि मुख?य नगर पालिका अधिकारी मंदसौर द्वारा मंदसौर में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम?बर 299 रकबा 1.340 हेक्टेयर भूमि पर स्ट्रीट फूड हब निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन प्रस?तुत किया है। स्ट्रीट फूड हब निर्माण के लिए अभिमत 8 जून 2026 तक प्रस?तुत कर सकते है।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए : राधे कृष्णा जी महाराज





**मंदसौर।** पतंजलि योग साधक भाई-बहनों को सोमवार 1 जून की प्रात: पूज्य स्वामी व कथावाचक श्री राधे कृष्ण जी महाराज ने प्रतिदिन चलने वाली पतंजलि योग परिवार की रेवा गार्डन में योग साधना कक्षा में पधार कर मंत्र उच्चारण के बीच दीप प्रज्वलन कर योग साधक भाई बहनों द्वारा विगत साढे तीन माह से अधिक समय से नियमित रूप से प्रतिदिन प्रात: 6 से 7-30 बजे तक नगर भानपुरा में योगाभ्यास का लाभ लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि निश्चित रूप से नगर भानपुरा में जारी योगाभ्यास एवं प्राणायाम का कार्यक्रम एवं आपकी योग साधना से मैं काफी प्रभावित हुआ हूं एवं मेरा मानना है कि हमारे शरीर तथा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास एवं प्राणायाम अत्यंत आवश्यक है शुरू में यह कठिन जरूर होता है परंतु नियमित रूप से जब इसको किया जाता है तो हम पूर्ण रूप से तन व मन से स्वस्थ हो जाते हैं योग प्राणायाम के साथ-साथ जिव्हा पर भी नियंत्रण जरूरी है आपने कहा कि बाबा रामदेव महाराज ने देश ही नहीं संसार के अनेक देशों में योगाभ्यास प्राणायाम की अलग जगाई है जिससे लाखों ही नहीं करोड़ों लोगों को स्वस्थ रूप से जीने का मंत्र मिला है, योग के माध्यम से हम अनेक तरह की बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं बाबा रामदेव ने लाखों लोगों को रोग मुक्त किया है आपने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ऋषि ने पहले योग साधना की एवं सिद्धि प्राप्त होने पर श्री रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना की आज संचार के माध्यम से हम हजारों किलोमीटर दूर अपने किसी से बात कर सकते हैं, सैकड़ो वर्ष पूर्व महान संत योग साधना के माध्यम से कहीं भी अदृश्य रूप से आ जा सकते थे, अपना संदेश पहुंचा सकते थे, आज हम संचार के माध्यम से यह कर पाते हैं यह योग ही है, आपने कहा कि प्रात: काल सूर्योदय की किरणें हमारे शरीर पर पड़ती है तो हमें जागृत व ऊर्जावान बनती है। हम योग के माध्यम से पूर्ण रूप से स्वस्थ व दीर्घायु हो सकते हैं आपने कहा कि मोबाइल जितना उपयोगी है इसका दुरुपयोग उतना ही घातक है। आपने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए एवं गौ सेवा के प्रकल्पों को मजबूत बनाया जाए नई पीढ़ी में बढ़ रही नशे की लत को आपने समाज व देश के लिए घातक बताया एवं युवा पीढ़ी को बचपन से ही संस्कारित तथा गलत खान पीन से बचने का संदेश दिया।

पतंजलि योग परिवार के सभी भाई बहनों द्वारा श्री राधे कृष्णा जी महाराज का पुष्प मालाओं एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। विगत 100 दिनों से अधिक समय से जारी योगाभ्यास एवं प्राणायाम नगर भानपुरा में शुरू होने के मामले में योग परिवार के सदस्य लालचंद रुद्रवाल ने योग शिक्षक एवं पतंजलि योग जिला प्रभारी मनीष परिहार के प्रारंभिक प्रयासों एवं वर्तमान में प्रतिदिन योगाभ्यास करवाने वाले योग शिक्षक विक्रम चौहान का आभार माना एवं पूज्य गुरुदेव के पतंजलि योग परिवार को रेवा गार्डन में पधारकर आशीर्वाद देने पर योग परिवार के लिए सौभाग्यशाली बताया।



## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की जिला कार्यशाला

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला मंदसौर द्वारा 5 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले विशेष अभियान की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा थे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने की।

सकलेचा ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, विकास एवं सांस्कृतिक विरासत संरक्षण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 जून से 21 जून तक जिलेभर में वृक्षारोपण, जनसंपर्क, स्वच्छता अभियान, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, जनकल्याण शिविर, प्रबुद्धजन एवं व्यापारी सम्मेलन तथा प्राकृतिक खेती विषयक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाध्यक्ष दीक्षित ने अभियान की जिला एवं मंडल स्तर की कार्ययोजना तथा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नियुक्त प्रभारियों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला में विधायक, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री विजय सुराना ने तथा आभार जिला मंत्री अर्जुन सोनी ने व्यक्त किया।

## संतों का सानिध्य मिलने से अगुणी भी पूज्यनीय हो जाता है : स्वामी सत्यव्रत चैतन्य जी

**मंदसौर।** पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य जी नर्मदा तट द्वारा रामचरित मानस का वाचन 1 जून से प्रारंभ किया गया है जो 15 जून तक प्रतिदिन प्रात: 8.30 बजे से 10 बजे तक कथा का वाचन करेंगे।

दिनांक 1 जून 2026, सोमवार को रामचरित मानस शास्त्र का वाचन प्रारंभ करते हुए स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य जी ने बताया कि चंद्रमा में दाग हें, थोडा डेढा है, घटता बढ़ता रहता है लेकिन फिर भी पूज्यनीय है क्योंकि वह देवों के देव महादेव के सिर पर बैठे है महादेव के सिर पर स्थान मिलने से वह पूज्यनीय हो गये। ठीक उसी प्रकार अगुणी, दुराजारी व्यक्ति, अयोग्य व्यक्ति भी जब संतों के सानिध्य में आता है तो वह भी पूज्यनीय बन जाता है। इसलिए सदा संतों का सानिध्य प्राप्त करना चाहिए।

आपने कहा कि जब भी मंदिर जाओं मंदिर की मूर्ति में भगवान को देखों और उन्हें महसूस करों यह मत सोचों की हमारे सामने पत्थर की मूर्ति है क्योंकि श्रद्धा और विश्वास बहुत बडी चीज होती है। श्रद्धा और विश्वास के साथ अपने आप को भगवान में खो जाने दो। श्रद्धा और विश्वास के बल पर कुछ भी हासिल किया जा सकता है। आपने बताया कि शास्त्रों के अनुसार श्रद्धा और विश्वास को भगवान शिव और पार्वती का स्वरूप बताया गया है। श्रद्धा अच्छी रखों और भगवान पर विश्वास रखों क्योंकि जिसकी जैसी श्रद्धा होती है उसके वैसे ही काम होते है। केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सेठिया और सचिव कारूलाल सोनी ने बताया कि 1 जून से स्वामी सत्यव्रत चैतन्य जी नर्मदा तट के द्वारा रामचरित मानस का वाचन प्रारंभ किया गया है।

**एक नजर** — जून माह से सभी विकास खंडों में शुरू होगा राहगीर अभियान

## संबल योजना के अनुग्रह सहायता प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई।**

**बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।**



बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबल पंजीयन अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि से संबंधित लंबित प्रकरणों का सीएमओ एवं जनपद पंचायतों के सीईओ प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में जर्जर भवनों का सर्वे कर उन्हें चिन्हित किया जाए। जर्जर भवनों में विद्यार्थियों को न बैठाया जाए और न ही वहां शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाएं। साथ ही स्कूल भवनों के आवश्यक मरम्मत एवं मेंटेनेंस कार्य समय पर कराए जाएं। सभी नगरीय निकायों को भी अपने क्षेत्र के जर्जर भवनों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार उन्हें ध्वस्त (डिस्मेंटल) करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि जून माह से जिले के सभी विकासखंडों में राहगीर अभियान प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु सभी एसडीएम को आवश्यक तैयारियां करने तथा पटवारियों को प्रशिक्षित कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसे प्रकरण जो निर्धारित समय-सीमा के बाद निराकृत किए गए हैं, उनमें संबंधित अधिकारियों पर प्रति प्रकरण 5 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

# नीमच

## एक नजर में

### म.प्र.मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ.अवधेश प्रतापसिह 8 को नीमच में

**नीमच।** म.प्र.मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ.अवधेश प्रतापसिह 8 जून को नीमच आएंगे। संशोधित दौरा कार्यक्रम के अनुसार आयोग के अध्यक्ष डॉ.सिह 7 जून को कार द्वारा नाथद्वारा से शाम 4 बजे प्रस्थान कर शाम 7 बजे नीमच सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। आयोग के अध्यक्ष डॉ.अवधेश प्रतापसिह 8 जून सोमवार को प्रात: 10 बजे स्थानीय कार्यक्रम मं भाग लेंगे। अपरान्ह 3 बजे जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, कलेक्टर, एस.पी.एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। सिह अपरान्ह 3.30 बजे जिला जेल नीमच का निरीक्षण करने के बाद शाम 4.30 बजे जावरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सुश्री अंकिता पण्डया को मिला उप संचालक सामाजिक न्याय का अतिरिक्त प्रभार

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला नीमच एवं रेडक्रास का प्रभार परिवर्तित किया गया है। कलेक्टर द्वारा कार्यालयीन आदेश दिनांक 23 सितंबर 2025 द्वारा डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन को उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला नीमच एवं रेडक्रास का प्रभार सौंपा गया था। अब उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह प्रभार सुश्री अंकिता पण्डया, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास, नीमच को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ आगामी अन्य आदेश होने तक सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। उल्लेखनीय है, कि सुश्री अंकिता पण्डया वर्तमान में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास के रूप में कार्यरत हैं। अब वे सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा रेडक्रास का अतिरिक्त दायित्व भी संभालेंगी।

### राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई, लगभग 20 बीघा जमीन को बुलडोजर चलाकर किया अतिक्रमण मुक्त



**सिंगोली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़ी में ग्रामीणों के अतिक्रमण पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीनों की सहायता से करीब 4 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बड़ी में अलग अलग जगह पर लंबे समय से कब्जा जमाकर बैठे ग्रामीणों के अतिक्रमण पर प्रशासन ने जेसीबी मशीन की सहायता से करीब 3.800 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया। अतिक्रमण हटाने के लिए विगत कई दिनों से राजस्व अधिकारियों द्वारा रूपरेखा बनाई जा रही थी। सोमवार को प्रात: साढ़े 7 बजे तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल, नायब तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना, सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, एएस आई शिवराज सिंह राजस्व निरीक्षक बालकिशन धाकड़, पटवारीगणो सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल ग्राम बड़ी की ओर रवाना हुआ। प्रात: 8 बजे शुरू हुई कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस बल और राजस्व कोटवारों ने 3.800 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया।

## घर में सो रहे परिवार पर हमला

- भाटखेड़ा गांव में महिलाओं, बच्चों और कैंसर पीड़ित को पीटा



**नीमच।** सिटी थाना क्षेत्र के भाटखेड़ा गांव में रविवार को दिनदहाड़े एक घर में घुसकर परिवार पर हमला और लूटपाट का मामला सामने आया है। गांव के ही दो आरोपियों ने घर में सो रहे पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को लाठी-डंडों से पीटा। हमलावरों ने एक गंभीर कैंसर पीड़िता महिला को भी नहीं बख्शा, उनके साथ भी मारपीट की गई, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ीं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिलाओं के गले से सोने की चेन और कान के झुमके लूटकर मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पीड़ित ईश्वर सिंह राठौर ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। तभी दोपहर में नारायण सिंह पिता लाल सिंह और लोकेंद्र सिंह पिता नारायण सिंह उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। आवाज सुनकर जैसे ही घर की महिलाएं बाहर निकलीं, आरोपियों ने जबरन गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया।

आरोपियों ने महिलाओं और बच्चों पर हमला करना शुरू कर दिया। जब ईश्वर सिंह और उनका बेटा बीच-बचाव करने आए, तो दबंगों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस मारपीट में परिवार के सभी सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं। ईश्वर सिंह राठौर ने स्पष्ट किया कि उनकी नारायण सिंह और लोकेंद्र सिंह से कोई पुरानी रंजिश या विवाद नहीं था। घटना के दौरान घर में चीख-पुकार सुनकर गांव वाले बड़ी संख्या में मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी नारायण सिंह और लोकेंद्र सिंह, महिलाओं के कान से सोने के झुमके और सोने की चेन छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

घटना के तुरंत बाद घायल हालत में पीड़ित ईश्वर सिंह राठौर नीमच सिटी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता और महिलाओं-कैंसर पीड़िता से मारपीट की बात सामने आते ही सीएसपी किरण चौहान खुद सिटी थाने पहुंचीं। सीएसपी के निर्देश पर तत्काल एक विशेष पुलिस टीम को मौका मुआयना करने और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए भाटखेड़ा रवाना किया गया है। सिटी पुलिस फिलहाल पीड़ित परिवार के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ लूट और जानलेवा हमले की गंभीर धाराओं में एफआईआर (स्न्रढ्ढक्र) दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

## ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ ने वीर शहीद के बलिदान को किया नमन

**नीमच।** देश के अमर वीर शहीदों के आत्म-बलिदान को नमन कर कृतज्ञता प्रकट करना तथा उनके परिजनों को सर्वोपरि सम्मान देना, प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है, क्योंकि वीरों के बलिदान में परिवार का अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। स्मरण रहे कि कर्तव्य की बलि वेदी पर अपने प्राणों को सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अलीराजपुर जिले के ग्राम-ध्याना निवासी सीआरपीएफ के अमर वीर बलिदानी सिपाही माथुर सिंह तोमर ने वर्ष 2005 में 119 बटालियन में तैनाती के दौरान आज ही के दिन 01 जून 2005 में आंतकियों से डटकर मुकाबला करते हुए मां भारती की सेवा में अपने प्राणों को आहुति दी थी।

इसी कड़ी में ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ द्वारा अप्रतिम पहल करते हुए उन शहीदों की पुण्य तिथि पर उनके स्मरण तथा शहादत को नमन करने हेतु 01 जून 2026 सोमवार को ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच के श्री रोहतास कुमार, सहायक कमांडेंट ने वीर बलिदानी के गृह निवास पहुंचकर शहीद के सम्मान में उनके गृह निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर स्थानीय नेता, सिविल पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा परिजनों की सादर उपस्थिति में, सीआरपीएफ की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हुए उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई।

सीआरपीएफ द्वारा वीर बलिदानी के परिजनों को आश्वासित किया गया कि वे सीआरपीएफ परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं और साथ ही उन्हें यह भी भरोसा दिलाया गया कि उनके हरेक सुख-दुख में सीआरपीएफ सदैव उनके साथ खड़ी है और सीआरपीएफ वीर बलिदानियों के परिवाजनों के हर संभव सहयोग/सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।

शहीद के परिजनों के प्रति अपनत्व एवं कृतज्ञता प्रकट करना एवं उन्हें खुशहाल देखना ही सही मायने में शहीदों के प्रति सम्मान है। इनकी शहादत देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनका जज्बा आज के युवाओं में देश के लिए कुछ कर गुजरने की भावना पैद करता है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ ग्राम-ध्याना के गणमान्य नागरिक एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

**एक नजर** — पार्किंग अव्यवस्था से बढ़ रहे जाम, टूटी सड़कें और स्वच्छता संकट पर जताई चिंता, समयबद्ध समाधान की मांग

## शहर की बदहाल व्यवस्था पर मधु बंसल का प्रहार, कहा- समस्याओं से जूझ रही जनता

**नीमच।** कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु बंसल ने शहर में लगातार बिगड़ती नागरिक सुविधाओं, यातायात अव्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर जिला प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शहर की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग समाधान के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

बंसल ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। अधिकृत पार्किंग स्थलों का समुचित उपयोग नहीं होने से मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के कई हिस्सों में सड़कों की हालत खराब है। जगह-जगह गड्ढे, टूटी सड़कें और अधूरे निर्माण कार्य नागरिकों के लिए परेशानी के साथ-साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था पर भी चिंता जताते हुए कहा कि कई क्षेत्रों में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है और शहर की छवि भी प्रभावित हो रही है। बंसल ने कहा कि आवारा पशुओं और कुत्तों की बढ़ती संख्या भी गंभीर समस्या बन चुकी है। सड़कों पर घूम रहे पशु और आवारा कुत्ते आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं तथा



नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है।

बंसल ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, उदासीनता और जवाबदेही के अभाव के कारण शहर की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जनता द्वारा बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व केवल समस्याओं का संज्ञान लेना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध और स्थायी समाधान सुनिश्चित करना भी है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बंसल ने जिला प्रशासन से मांग की कि यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, सड़क सुधार, स्वच्छता व्यवस्था तथा आवारा पशुओं और कुत्तों की समस्या सहित अन्य जनहित के मुद्दों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और शहर की व्यवस्थाओं में सुधार हो।

### पार्किंग जोन पर फिर कब्जे, सड़कों पर बढ़ रहा यातायात दबाव

कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु बंसल ने कहा कि करीब आठ वर्ष पूर्व नगर पालिका ने टैगोर मार्ग से लगभग 80 गुमटियों को हटाकर शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पार्किंग जोन विकसित किया था। लेकिन वर्तमान में यह पार्किंग स्थल पुन: अतिक्रमण की चपेट में आ गया है।

पार्किंग क्षेत्र में गुमटियां और अस्थायी कब्जे होने से वाहन सड़क किनारे खड़े हो रहे हैं, जिससे जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है।